हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 बढ़ते अपराधों पर नागरिक अधिकार मंच का अल्टीमेटम,



12 चेयरमैन ने सीएम फ्लाइंग की लगातार जांच पर जताई आपत्ति



## खबर संक्षेप

### अग्निवीरः कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट घोषित

**फतेहाबाद।** भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, हिसार ने बताया कि कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026-27 में भाग लेने वाले अग्निवीर की विभिन्न श्रेणियों के चयनित उम्मीदवारों की सूची 12 जुलाई को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। उम्मीदवार अपना रिजल्ट इस वेबसाइट पर जांच कर सकते हैं।

### अब 24 जुलाई तक जमा होंगे प्रपत्र

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अब 24 जुलाई तक मतदाता अपने गणना प्रपत्र जमा करवा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से समय-सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

### तहसील परिसर से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** रतिया पुलिस ने वाहन चोरी मामले में टिब्बा कॉलोनी निवासी तरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गांव लधुवास निवासी मक्खन सिंह की बाइक 10 जुलाई को तहसील परिसर से चोरी हुई थी। शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई और आरोपी को काबू कर लिया गया।

### मारपीट मामले में छठे आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** ट्रक यूनियन कुलां में पिछले दिनों हुई हिंसक मारपीट के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक और आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान धारसूल कलां गांव के निवासी कैलाश पुत्र होशियार सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस जांच करते हुए पहले ही पांच अन्य मुख्य आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि नन्हेड़ी गांव के निवासी कश्मीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### अपहरण और मारपीट के तीन आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** अपहरण और बेरहमी से मारपीट करने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव फतेहपुरी निवासी राजेंद्र पुत्र तुलसीराम, मंदीप और जितेंद्र पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि गांव चंदड़ कलां निवासी जगदीश ने पुलिस को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

# आंधी-बारिश में चरमराई बिजली व्यवस्था 90 बिजली पोल और 15 ट्रांसफार्मर टूटे

## 200 पेड़ गिरे, लाइनें टूटने से कई क्षेत्रों में आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**जल्द आपूर्ति सामान्य करने में जुटा निगम**

सोमवार को जिले में आए तेज अंधड़, बारिश और तूफान ने बिजली निगम के ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के करीब 90 पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 25 और 63 केवीए क्षमता के 15 ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए। कई स्थानों पर बिजली लाइनें टूटने और पोल गिरने से आपूर्ति बाधित रही। बिजली निगम की टीमों ने रातभर मरम्मत कार्य चलाकर अधिकांश क्षेत्रों में बिजली बहाल करने का प्रयास किया। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार शाम आए अंधड़ और बारिश के कारण जिले में बिजली नेटवर्क को व्यापक नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार करीब 90 बिजली पोल (9 व 11 मीटर) क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 25 व 63 केवीए क्षमता के 15 ट्रांसफार्मर भी खराब हो गए हैं। कई स्थानों पर हाईटेंशन और लो-टेंशन लाइनें टूटने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। उन्होंने बताया कि मौसम सामान्य होते ही निगम की टीमें तुरंत फील्ड में उतार दी गईं। अलग-अलग क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त पोल बदलने, ट्रांसफार्मर दुरुस्त करने और टूटी लाइनों को जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।







### मरम्मत कार्य लगातार जारी

सोमवार का अंधड़ जिले में इस मानसून का अब तक का सबसे प्रभावी तूफान साबित हुआ। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, बिजली पोल गिर गए और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बिजली निगम का दावा है कि मरम्मत कार्य लगातार जारी है और जल्द ही सभी क्षेत्रों में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य कर दी जाएगी। उधर वन विभाग के अधिकारीयो ने बताया कि करीब 200 पेड़ अंधड़ से गिर गए है।

### शैलर राइस मिल में आंधी से लाखों का नुकसान

*सिरसा। गांव सिंघपुरा में स्थित जिंदल राइस मिल में तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। राइस मिल को तेज हवाओं के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ। मिल संचालक भरत जिंदल ने बताया कि तेज हवा और बरसात के चलते राइस मिल को काफी क्षति पहुंची है। आंधी इतना तेज था कि मिल परिसर में लगे टीन शेड उड़ गए, गेट टूट गए और राइस मिल में लगे स्टॉक भीगने से काफी नुकसान पहुंचा है।*

# दुर्गा मंदिर के प्रस्तावित लंगर हॉल का 170 किमी दूर भूमिपूजन

- ऑनलाइन उद्घाटन के दौर में सामने आई एक नई कार्यप्रणाली, जिसने धार्मिक परंपराओं पर नई बहस छेड़ दी

हरिभूमि न्यूज ⏭रानियां

आधुनिक दौर में ऑनलाइन उद्घाटन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास जैसी औपचारिकताएं अब सामान्य होती जा रही हैं। ऐसे आयोजनों में जनप्रतिनिधि भले ही दूर से जुड़ें, लेकिन धार्मिक अनुष्ठान और भूमिपूजन सामान्यतः निर्माण स्थल पर ही संपन्न होते हैं। रानियां के वार्ड नंबर-4 स्थित श्री दुर्गा मंदिर के प्रस्तावित लंगर हॉल के भूमिपूजन ने इसी परंपरा को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। इस बार न तो जनप्रतिनिधि मंदिर पहुंचे और न ही निर्माण स्थल पर कोई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इसके बजाय मंदिर प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि पूजन सामग्री, 11 पवित्र ईंटें, मंदिर के पुजारी पंडित दयाशंकर तथा एक कंजक को साथ लेकर करीब 170 किलोमीटर दूर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा के जींद स्थित निवास पर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन और शिलान्यास की रस्में संपन्न कराई गईं। घटनाक्रम सामने आने के बाद रानियां में पूरे दिन इसी विषय पर चर्चा होती रही। किसी ने इसे जनप्रतिनिधि के प्रति सम्मान बताया तो किसी ने धार्मिक परंपराओं से अलग हटकर उठाया गया कदम माना।




**सिरसा।** वर्ष 2022 में हुए लंगर हॉल उद्घाटन की शिलापट्टिका।

### 4 वर्ष पहले उद्घाटन

पूरे घटनाक्रम के बीच मंदिर परिसर में लगी वर्ष 2022 की शिलापट्टिका ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शिलापट्टिका के अनुसार 22 नवंबर 2022 को लंगर हॉल का उद्घाटन हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी, भाजपा के तत्कालीन जिला अध्यक्ष आदित्य चौटाला तथा भाजपा नेता टीशू प्रधान के करकमलों से किया गया था। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े ललित पोपली ने बताया कि वर्ष 2022 में जिस लंगर हॉल का उद्घाटन हुआ था, वह आकार में छोटा था। अब उसे हटाकर हाल ही में खरीदी गई लगभग चार मरले (करीब सवा सौ गज) भूमि पर नया और बड़ा लंगर हॉल बनाया जाएगा। हाल में हुआ भूमिपूजन उसी नए निर्माण के लिए किया गया है।

# स्पा सेंटर पर पुलिस की रेड, 5 दबोचे

- संदिग्ध गतिविधियों के शक में पॉश इलाके में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के पॉश इलाके हुडा सेक्टर स्थित एक स्पा सेंटर में चल रही संदिग्ध गतिविधियों की गुप्त सूचना पर सिटी थाना पुलिस ने मंगलवार को अचानक धावा बोल दिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम ने जब स्पा सेंटर के भीतर दबिश दी, तो वहां हड़कंप मच गया। पुलिस की इस औचक कार्रवाई के दौरान मौके से तीन युवतियों और दो युवकों को काबू किया गया है, जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए सीधे थाने ले गई। शराब ठेके के ठीक ऊपर संचालित इस स्पा सेंटर पर हुई पुलिसिया कार्रवाई के बाद हुडा सेक्टर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते स्पा सेंटर के बाहर तमाशबीनों की भारी भीड़ जमा हो गई। थाना पुलिस ने स्पा सेंटर की गहनता से तलाशी ली और वहां की गतिविधियों के साथ-साथ संचालन से जुड़े अहम दस्तावेजों को भी अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



**फतेहाबाद।** स्पा सैंटर से पकड़ी गई युवती को लेकर जाते पुलिस कर्मचारी।

### सूचना पर कार्रवाई

हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने अभी तक किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या जिस्मफरोशी के रैकेट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि स्पा सेंटर पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर रेड की गई है। वहां मौजूद तीन युवतियों और दो युवकों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। मामले के सभी कानूनी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। तफ्तीश पूरी होने के बाद ही आगे की उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आरओबी निर्माण किसानों के लिए बना आफत

- जाखल के किसानों पर मंडराया 30 किमी अतिरिक्त चक्कर का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के जाखल क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण स्थानीय किसानों के लिए जी का जंजाल बन गया है। पुल को ऊंचा उठाने के चलते मुख्य मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे आगामी धान खरीद सीजन को लेकर किसानों की चिंताएं गहरा गई हैं। अब किसानों को अपनी उपज जाखल अनाज मंडी तक पहुंचाने के लिए करीब 30 किलोमीटर का अतिरिक्त फेर लगाना पड़ेगा। इस गंभीर समस्या के समाधान को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले दर्जनों गांवों के किसानों ने मंगलवार को जाखल के नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री और जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ बुनियादी तालमेल की कमी के कारण किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। जाखल, तलवाड़ा और आसपास के प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि 30 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का डीजल खर्च कई गुना बढ़ जाएगा। इसके साथ ही मजदूरी और माल ढुलाई की लागत बढने से किसानों को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ेगा।



**फतेहाबाद।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### चेतावनी दी

समिति ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि धान की आवक शुरू होने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो सीजन के दौरान समूचे क्षेत्र में भारी अव्यवस्था फैल जाएगी और किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जाखल के नायब तहसीलदार राष्विंदर सिंह धून ने किसानों से ज्ञापन लिया और उन्हें जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। नायब तहसीलदार ने कहा, किसानों की मांगें पूरी तरह जायज हैं। मार्ग बंद होने से आने वाली दिक्कतों से संबंधित रिपोर्ट को प्राथमिकता के आधार पर सरकार और उच्चाधिकारियों के समक्ष भेजा जा रहा है, ताकि सीजन शुरू होने से पहले कोई ठोस और व्यावहारिक निर्णय लिया जा सके।

# चोरी की बाइक पकड़ी, दो और वारदातों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने गांव पंजुआना से बाइक चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने दो और वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राहुल, राकेश व देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पंजुआना निवासी अरविंद की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। पीड़ित ने शिकायत दर्ज करवाई कि अज्ञात लोगउसके घर में घुसकर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए है। शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान गांव पंजुआना के निकट बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे।



**सिरसा।** पकड़े गए आरोपी।

# 8 अवैध पेयजल कनेक्शन काटे

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने गांव झोरड़नाली में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने गांव झोरड़नाली में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया और आठ अवैध पेयजल कनेक्शन काटे और पेयजल का दुरुपयोग-अनावश्यक बर्बादी करने वाले 10 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए। जिला सलाहकार राकेश सोगलान ने बताया कि विभाग की टीम ने गांव में घर-घर जाकर जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। जांच के दौरान आठ अवैध जल कनेक्शन पाए गए, जिन्हें काटा गया।



**सिरसा।** ग्रामीणों को पेयजल को लेकर जागरूक करती विभागीय टीम।

### जल संरक्षण को समझें अपनी जिम्मेदारी

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि पेयजल एक बहुमूल्य संसाधन है, यदि भविष्य में कोई व्यक्ति पेयजल का दुरुपयोग करता या पानी की अनावश्यक बर्बादी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध विभागीय नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें, पेयजल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और अवैध जल कनेक्शन लेने से बचें, ताकि गांव के सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता सतबीर सिंह, बीआरसी राजेश कुमार, बलदेव राज तथा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फेसबुक प्रोफाइल क्लोनिंग में तीसरा आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर और खुद को रिश्तेदार बताकर लोगों को चंगुल में फंसाने वाले साइबर ठगों के खिलाफ टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पश्चिमी दिल्ली से एक और आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान न्यू महावीर कॉलोनी, पश्चिमी दिल्ली निवासी सुनील कुमार शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि मूल रूप से पंजाब के जिला संगरूर के गांव भुलण निवासी और वर्तमान में टोहाना के प्रेमनगर में रह रहे संदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जालसाजों ने उनके एक करीबी रिश्तेदार के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फेसबुक पर एक फर्जी प्रोफाइल बनाई।



धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार युवक।

# घर में लाखों की चोरी का खुलासा, दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

ऐलनाबाद क्षेत्र के गांव ढाणी बच्चन सिंह में बंद घर से सोना-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, गांव ढाणी बच्चन सिंह निवासी मेघ सिंह ने शिकायत दी थी कि 26 जून को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था। अगले दिन लौटने पर घर के मुख्य गेट और अलमारी के ताले टूटे मिले तथा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से सोना-चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद गायब मिले।



चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**मिसाल** पोती ने अर्थी को कंधा देकर दिया बेटा-बेटी समान होने का संदेश

# अंतिम विदाई बनी मानवता की मिसाल : 85 वर्षीय कृष्णा देवी ने किया देहदान, रिसर्च को किया समर्पित

*परंपराओं से अलग फैसला लेकर परिवार ने निभाई समाजसेवा की भावना*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मृत्यु के बाद भी समाज और मानवता की सेवा की जा सकती है, इसका प्रेरक उदाहरण फतेहाबाद की 85 वर्षीय कृष्णा देवी ने पेश किया है। स्थानीय मातूराम कॉलोनी निवासी कृष्णा देवी पत्नी कांता राम नरूला के निधन के बाद उनके परिजनों ने पारंपरिक दाह संस्कार के स्थान पर उनका पार्थिव शरीर मेडिकल शिक्षा एवं शोध कार्यों के लिए दान कर दिया। इस निर्णय ने न केवल मानव सेवा का संदेश दिया, बल्कि समाज में व्याप्त कई रूढ़ियों और अंधविश्वासों को भी चुनौती दी। कृष्णा देवी डेरा सच्चा सौदा की श्रद्धालु थीं और परिवार ने बताया कि उन्होंने जीवनभर सेवा और परोपकार की भावना को अपनाया। उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर मुजफ्फरनगर स्थित मेडिकल कॉलेज के रिसर्च सेंटर को समर्पित किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि पार्थिव शरीर को मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के रिसर्च सेंटर भेजा गया है, जहां इसका उपयोग मेडिकल विद्यार्थियों की पढ़ाई और मानव शरीर की संरचना से जुड़े शोध कार्यों में किया जाएगा।



देहदानी कृष्णा देवी।



**फतेहाबाद।** देहदानी कृष्णा देवी को अंतिम विदाई देते परिजन व डेरा श्रद्धालु।

### नम आंखों से दी विदाई, पूरे शहर ने किया सम्मान

कृष्णा देवी की अंतिम यात्रा भावुक माहौल के बीच निकाली गई। फूलों से सजे वाहन में पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। यात्रा शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होकर गुजरी, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पवर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं के साथ शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

### बेटियां भी हर जिम्मेदारी निभाने में बेटों के समान

अंतिम यात्रा का सबसे भावुक दृश्य तब सामने आया, जब कृष्णा देवी की पोती राजो देवी ने अपनी दादी की अर्थी को कंधा दिया। इस अवसर पर उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि बेटियां भी हर जिम्मेदारी निभाने में बेटों के समान सक्षम हैं। परिवार के अन्य सदस्य राजन, साजन, रिंकू, राहुल, टिंकू, निशांत सहित अनेक रिश्तेदार भी अंतिम यात्रा में मौजूद रहे और नम आंखों से अपनी प्रियजन को विदाई दी।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style



# आलिया

## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।




# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।



## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।



# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया



रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं*** *: गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप

### दलजीत कौर को साइबर सुरक्षा अम्बेसडर बनाया

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतिया में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा दलजीत कौर को महाविद्यालय की साइबर सुरक्षा अम्बेसडर बनाया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमित्रा सांगवान ने कहा कि साइबर सुरक्षा अम्बेसडर बनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और साइबर स्वच्छता के बारे में जागरूक करना हैं। भारत सरकार व विभिन्न राज्य पुलिस बल और तकनीकी संस्थान समय-समय पर इस तरह के जागरूकता अभियान और एंबेसडर प्रोग्राम चलाते हैं।

### दुकान में आग लगाने वाला गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑटो मार्केट स्थित एक डिस्पोजल की दुकान में आग लगाने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कीर्ति नगर पुलिस चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि शहीदांवाली निवासी सुनील कुमार की शिकायत पर शहर थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार रात को पड़ोस की वेल्डिंग की दुकान में कार्यरत एक युवक ने शटर के नीचे से दुकान के भीतर आग लगा दी।

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ युवक काबू

**फतेहाबाद।** क्षेत्र में अवैध हथियारों के नेटवर्क और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने गांव मेहूवाला निवासी एक युवक को अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों दबोचा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरवीर सिंह उर्फ कुकी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए रतिया के प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी, इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि मेहूवाला निवासी हरवीर सिंह अवैध हथियार के साथ किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। इसी दौरान कार्रवाई की गई। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने बिना देरी किए योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की और आरोपी को काबू कर लिया।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर सतिंदर ने किया गांवों का दौरा

**ओढां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होने वाले ऐतिहासिक जींद दौरे को लेकर डबवाली क्षेत्र के भाजपाइयों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में डबवाली के जिला उपाध्यक्ष सतिंदर गर्ग ओढ़ा ने अनेक गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को सिरसा में पहुंचने का न्यौता दिया ताकि सभी मिलकर वहां प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देख सकें। गांवों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई का दिन हरियाणा में इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा और पूरे हरियाणा को बहुत बड़ा फायदा होने वाला है।

### 17 को जिला फतेहाबाद नो फ्लाइंग जोन घोषित

**फतेहाबाद।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विवेक भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला फतेहाबाद में 17 जुलाई को ड्रोन सहित सभी प्रकार के मानव रहित हवाई यंत्र उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही जिले को उक्त अवधि के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट, फ्लाइंग कैमरा, हेलीकैम तथा अन्य हवाई उपकरणों के उपयोग पर रोक रहेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह प्रतिबंध हरियाणा पुलिस, सेना, वायुसेना तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकृत सरकारी एजेंसियों के मानव रहित हवाई उपकरणों पर लागू नहीं होगा।

---

### हत्या, लूट, नशा तस्करी और छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

# बढ़ते अपराधों पर नागरिक अधिकार मंच का अल्टीमेटम, सौंपा ज्ञापन

- पुलिस गश्त बढ़ाने व जुए के अड्डों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर नागरिक अधिकार मंच ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। नागरिक अधिकार मंच ने कहा कि हाल के दिनों में हत्या, लूट, संदिग्ध शव मिलने, जुए के अड्डों के संचालन और अवैध गतिविधियों की घटनाओं ने आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। ज्ञापन में पुलिस से विशेष अभियान चलाकर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, छात्राओं की सुरक्षा मजबूत करने और शहर में संचालित जुए के अड्डों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई।

मंच के संयोजक राजीव कुमार ने कहा कि 4 जुलाई को गांव खाराखेड़ी के पूर्व सरपंच की दिनदहाड़े हत्या, रतिया चुंगी क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने और धांगड़ गांव से फतेहाबाद आ रहे व्यक्ति से बाइक छीनने जैसी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। इसके अलावा शहर में खुलेआम जुए के अड्डे संचालित होने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी की मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ भी विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में 3 जुलाई को शहर की 4 मरला कॉलोनी में पुलिस द्वारा किए गए कथित देह व्यापार के भंडाफोड़ का भी उल्लेख करते हुए कहा गया कि ऐसी घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर चिंता बढ़ाती हैं। मंच का कहना है कि अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को विशेष रणनीति अपनाने की जरूरत है। नागरिक अधिकार मंच ने ज्ञापन के माध्यम से हत्या, लूट, छीना-झपटी, जुआ, नशा तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। साथ ही शहर के जुए के अड्डों को बंद कराने, संवेदनशील इलाकों में दिन-रात पुलिस गश्त बढ़ाने, प्रमुख चौकों और बाजारों में सीसीटीवी निगरानी मजबूत करने तथा प्रत्येक थाना क्षेत्र में नियमित जनसुनवाई आयोजित करने का भी आग्रह किया।



फतेहाबाद। एसपी से मिलने जाता नागरिक अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल।

#### पपीहा पार्क में निगरानी और जागरूकता अभियान की मांग

मंच ने मॉडल टाउन स्थित पपीहा पार्क का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राएं समय बिताते हैं। कई बार कुछ विद्यार्थी शिक्षण संस्थानों में जाने के बजाय लंबे समय तक पार्क में रुकते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। मंच ने पार्क में महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की नियमित ड्यूटी लगाने, निगरानी बढ़ाने तथा स्कूलों, कॉलेजों और निजी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, नशामुक्ति और सकारात्मक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करने की मांग की। मंच ने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करेगा, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।

---

# खाद वितरण पर डीसी के सख्त निर्देश हैफेड और पैक्स को मिले 60% सप्लाई

▶▶ उर्वरक वितरण में पारदर्शिता लाएं अधिकारी ▶▶ 15 दिन में सौंपनी होगी सहकारी समितियों की ऑडिट रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी तथा एनपीके सहित अन्य फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, सहकारी बैंक और हैफेड के आला अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने सभी विभागों को आपसी तालमेल और बेहतर समन्वय के साथ काम करने को कहा ताकि किसानों को खाद के लिए किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### निजी और सरकारी कंपनियों को दिए निर्देश

डीसी डॉ. विवेक भारती ने खाद वितरण करने वाली सभी निजी व सरकारी कंपनियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे पूरे वर्ष के दौरान अपने कुल आवंटन का न्यूनतम 60 प्रतिशत हिस्सा अनिवार्य रूप से हैफेड, पैक्स एवं सहकारी क्षेत्र को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियों और हैफेड को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर अग्रिम मांग तैयार कर समय पर कंपनियों को भेजें, ताकि जैसे ही रेलवे रैक उपलब्ध हो, बिना किसी देरी के सहकारी क्षेत्र में खाद की आपूर्ति की जा सके। इसके साथ ही हैफेड को जरूरत न होने पर खाद का सुरक्षित भंडारण करने और मांग के अनुसार समितियों को बांटने के निर्देश दिए गए।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

#### कालाबाजारी और टैगिंग पर रहेगी कड़ी नजर

बैठक में डीसी ने खाद की जमाखोरी, कालाबाजारी और खाद के साथ अन्य सामान जबरन बेचने की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र किसानों को खाद की खरीद के समान अवसर मिलने चाहिए। पॉस मशीन के रिकॉर्ड और गोदाम में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक का समय-समय पर भौतिक मिलान किया जाए। सभी सहकारी समितियों से उपमंडलवार खरीफ और रबी सीजन की मांग और आपूर्ति का नियमित विवरण लिया जाए। किसी भी बिक्री केंद्र पर यदि खाद की कमी की संभावना दिखे, तो तुरंत संबंधित एजेंसी को सूचित किया जाए।

#### उर्वरक वितरण में स्टाफ की कमी नहीं बनेगी बाधा

उर्वरक वितरण में स्टाफ की कमी आड़े न आए, इसके लिए डीसी ने निर्देश दिए कि जहां जरूरत हो, वहां नजदीकी समितियों के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि वितरण कार्य प्रभावित न हो। इसके अलावा, आगामी 15 दिनों के भीतर सभी सहकारी समितियों की ऑडिट रिपोर्ट और प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के भी कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग, एपीपीओ जागीर सिंह, क्यूसीआई सुशील गोयल, एसडीओ संजय कुमार, एसडीओ मुकेश कुमार, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जितेंद्र वर्मा, सहकारी बैंक से सुरेश कुमार और हैफेड के मार्केटिंग अधिकारी मुकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

### लायंस क्लब फतेहाबाद की नई कार्यकारिणी

## सीए राजेन्द्र नारंग प्रधान, डा. मनमोहन पाहवा बने सचिव

**फतेहाबाद।** लायंस क्लब फतेहाबाद ने अपने गोल्डन जुबली वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया है। क्लब के नए प्रधान के रूप में सीए राजेन्द्र नारंग, सचिव डॉ. मनमोहन पाहवा तथा कोषाध्यक्ष साहिल झंडई का चयन किया गया है। नवनिर्वाचित प्रधान सीए राजेन्द्र नारंग ने कहा कि क्लब के 50वें सेवा वर्ष को यादगार बनाने के लिए पूरे वर्ष सामाजिक सरोकारों से जुड़े जनकल्याणकारी सेवा प्रकल्प बड़े स्तर पर संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नई टीम का लक्ष्य सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि क्लब परिसर में बैडमिंटन कोर्ट, हाई-टेक जिम, योग केंद्र और स्विमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ सभी सदस्य उठा सकेंगे। नई कार्यकारिणी में सदर्शन बतरा को चेयरमैन, रमेश सचदेवा को डायरेक्टर, संजय बतरा को वरिष्ठ उपप्रधान, प्रवीण चराईपौत्रा को उपप्रधान, करन चराईपौत्रा को एडमिनिस्ट्रेटर चुना गया।



राजेन्द्र नारंग, डॉ. मनमोहन पाहवा व साहिल झंडई।

---

## फतेहाबाद के बेटे ने रचा इतिहास, 23 साल की उम्र में बना एलआईसी में क्लास-वन अफसर

- इस उपलब्धि के साथ सबसे कम उम्र के अधिकारियों में से एक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इरादे नेक हों और मेहनत सच्ची, तो सफलता उम्र की मोहताज नहीं होती। इस बात को फतेहाबाद जिले के गांव बनगांव के एक होनहार युवा ने सच कर दिखाया है। मात्र 23 वर्षीय राजेश शर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी क्लास वन अधिकारी पद पर सीधे नियुक्त होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बनगांव निवासी और रामस्वरूप शर्मा के सुपुत्र राजेश शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर एलआईसी में डायरेक्ट प्रशासनिक अधिकारी स्केल-1 के पद पर चयन हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही राजेश न केवल सबसे कम उम्र के अधिकारियों में से एक बन गए हैं, बल्कि वे फतेहाबाद जिले और विशेषकर फतेहाबाद शहर के पहले ऐसे व्यक्ति बने हैं जो सीधे इस क्लास-वन पद पर नियुक्त हुए हैं। उनकी यह कामयाबी पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। राजेश के परिवार में यह खुशी दोगुनी हो गई है क्योंकि उनके पिता रामस्वरूप शर्मा, स्वयं एलआईसी से जुड़े हुए हैं और 24 वर्षों से एक सफल टॉप एमडीआरटी एडवाइजर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए लेकिन एक कदम आगे बढ़कर, राजेश ने इंश्योरेंस सेक्टर में उच्च प्रशासनिक पद हासिल किया है। राजेश शर्मा की यह कोई पहली सफलता नहीं है। वे पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। राजेश शर्मा ने मात्र साढ़े 21 वर्ष की छोटी उम्र में ही यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में सीधे प्रशासनिक अधिकारी (एओ) का पद हासिल कर लिया था।



फतेहाबाद। अपने पिता रामस्वरूप शर्मा के साथ एलआईसी क्लास बन अफसर बने राजेश शर्मा।

---

## एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर ने किया मुख्त्यार सिंह कॉलेज में निरीक्षण

- एनसीसी कैडेट्स की परेड, अनुशासन, ड्रिल, अभिलेखों तथा प्रशिक्षण गतिविधियों का किया गहन अवलोकन

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने महाविद्यालय की एनसीसी इकाई का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने एनसीसी कैडेट्स की परेड, अनुशासन, ड्रिल, अभिलेखों तथा प्रशिक्षण गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कैडेट्स से संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ हरमिंदर सिंह ने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे का आभार व्यक्त किया और एनसीसी कैडेट्स को बताया कि एनसीसी कैडेट्स में राष्ट्र निर्माण का बीजारोपण करती है जिससे एक अच्छे नागरिक का निर्माण होता है जो राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर अमनदीप कौर, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मनीता, महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य तथा सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

---

## योग केवल कसरत नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक कला : डॉ. बजाज

- अंजलि कालोनी में अखिल भारतीय सेवा संघ ने लगया योगा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा अंजलि कॉलोनी, फतेहाबाद में योगा कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. अवतार लाल बजाज ने की। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में संयोजक धर्मपाल चावला, राजकुमार बंसल, विनोद गर्ग और अशोक बत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई। इस शिविर में अंजलि कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लेकर योग क्रियाओं को सीखा। योगा कैंप के दौरान योग साधक मंजू चोपड़ा, धर्मपाल चावला और आशीष गर्ग ने उपस्थित आमजन को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवायात्र उन्होंने उपस्थित लोगों को हर आसन को सही तरीके से करने की विधि और उससे होने वाले शारीरिक लाभों के बारे में भी विस्तार से समझाया।



फतेहाबाद। अंजलि कालोनी में आयोजित कैम्प में योगाभ्यास करते लोग।

---

### अटल टिंकरिंग लैब पर दिया प्रशिक्षण

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलपालिया में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के प्रभावी संचालन एवं नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विंद्र सिंह ने मास्टर ट्रेनर के रूप में विद्यालय के शिक्षकों को अटल टिंकरिंग लैब की कार्यप्रणाली, उपकरणों के उपयोग तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं समस्या-समाधान कौशल विकसित करने संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि अटल टिंकरिंग लैब, अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग, भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य विद्यालयों में विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित करना रहा।

---

## रमेश लाली के इनेलो टपरीवास प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इनेलो के शीर्ष नेतृत्व द्वारा फतेहाबाद जिले के वरिष्ठ नेता रमेश लाली को टपरीवास प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिलेभर के इनेलो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अपनी इस नई और बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी को लेकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रमेश लाली ने आज इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व वरिष्ठ नेता चौधरी अभय सिंह चौटाला से मुलाकात की और इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उनका धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। चौधरी अभय सिंह चौटाला से मुलाकात के दौरान रमेश लाली ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो अटूट भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। इस मौके पर चौधरी अभय सिंह चौटाला ने रमेश लाली को नई जिम्मेदारी की बधाई देते हुए संगठन के हित में और समाज के इस वर्ग को पार्टी से जोडऩे के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।



फतेहाबाद। रमेश लाली को इनेलो टपरीवास प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अभय सिंह चौटाला का आभार जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### अपना घर आश्रम पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी

# बुजुर्गों को बांटे फल व गोमाता को खिलाया हरा चारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने फतेहाबाद में नेशनल हाईवे बाइपास पर स्थित सतगुरू कृपा अपना घर मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम का दौरा किया। डॉ. स्वामी सदानंद महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे इस आश्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल व अशोक भुक्कर द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक दुड़ा राम, भाजपा जिला प्रधान एडवोकेट प्रवीण जोड़ा और नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन दर्शन नागपाल सहित कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। आश्रम परिसर में पहुंचने के उपरांत कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत आश्रम प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने सद्गुरू कृपा अपना घर, श्रीकृष्ण प्रणामी वृद्धाश्रम और महिला आश्रम का सघन अवलोकन किया। वहां रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा बुजुर्गों और महिलाओं से मिलकर मंत्री ने उनका कुशलक्षेम जाना, उनसे आत्मीय बातचीत की और उन्हें फल वितरित किए।



फतेहाबाद। सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम में पौधारोपण करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

#### बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा धर्म

उन्होंने कहा, यहां आकर मन को अत्यंत असीम शांति और खुशी मिली है। वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बेसहारा लोगों और बुजुर्गों की सेवा करना ही दुनिया का सबसे बड़ा धर्म है। जिस प्रकार यह संस्थान पूरी मानवीय संवेदनाओं, आत्मीयता और स्वच्छता के साथ इन सेवा कार्यों को कर रहा है, वह अत्यंत वंदनीय और अनुकरणीय है। आश्रम के अवलोकन के बाद कैबिनेट मंत्री श्रीकृष्ण प्रणामी गोवंश अनुसंधान संस्थान एवं गौ अस्पताल पहुंचे। मंत्री बेदी ने श्रद्धापूर्वक गोमाता को हरा चारा खिलाया और सवामणी लगाकर गौवंश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

**कार्यालय श्री दिव्यांशु मितल, संयुक्त सब रजिस्ट्रार साहिब, मण्डी डबवाली।**

**विषयःमरणोपरान्त वसीयत जुबानी दिनांक 1-02-2025 अजाने मृतक विद्या रानी विधवा सतनाम पुत्र नरायण दास निवासी वार्ड नम्बर 13, मण्डी डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, को रजिस्ट्रड करने बारे।**

**यादी**

श्री राकेश कुमार पुत्र जय राम पुत्र भगत राम वासी राम नगर कलोनी, मण्डी डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा ने मृतक विद्या रानी विधवा सतनाम पुत्र नरायण दास निवासी वार्ड नम्बर 13, मण्डी डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा की जुबानी वसीयत दिनांक 1-02-2025 पेश की है, जो राकेश कुमार पुत्र जय राम पुत्र भगत राम वासी राम नगर कलोनी, मण्डी डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, के हक में है, वसीयत करदा की दिनांक 12-04-2026 को मृत्यु हो चुकी है, इस नोटिस के द्वारा हर आम वा खास को सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को उक्त वसीयत रजिस्टर्ड करने बारे कोई एतराज हो तो वह को असालतन या वकालतन पेश होकर मेरे कार्यालय में दिनांक 10/8/26 को एतराज पेश करे, अन्यथा मियाद गुजरने के बाद कोई एतराज नहीं सुना जायेगा, और जुबानी वसीयत रजिस्टर्ड कर दी जायेगी। आज दिनांक 09/06/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा इस न्यायालय के मुद्रांक सहित ये नोटिस जारी हुआ है।

**संयुक्त सब रजिस्ट्रार, मण्डी डबवाली, जिला सिरसा।**

**कार्यालय श्री दिव्यांशु मितल, संयुक्त सब रजिस्ट्रार साहिब, मण्डी डबवाली।**

**विषयःमरणोपरान्त वसीयत जुबानी दिनांक 10-03-2026 अजाने मृतक धर्मपाल पुत्र धन्ना राम पुत्र हरी राम निवासी गांव शेरगढ, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, को रजिस्टर्ड करने बारे।**

**यादी**

श्री रविन्द्र पुत्र धर्मपाल पुत्र धन्ना राम वासी गांव शेरगढ, तहसील डबवाली, जिला सिरसा ने मृतक धर्मपाल पुत्र धन्ना राम पुत्र हरी राम वासी गांव शेरगढ, तहसील डबवाली, जिला सिरसा की जुबानी वसीयत पेश की है, जो कि रविन्द्र पुत्र धर्मपाल पुत्र धन्ना राम वा कैलाश विधवा अनिल कुमार पुत्र धर्मपाल वासीगण गांव शेरगढ, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, के हक में है, वसीयत करदा की दिनांक 16-04-2026 को मृत्यु हो चुकी है, इस नोटिस के द्वारा हर आम वा खास को सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को उक्त वसीयत रजिस्ट्रड करने बारे कोई एतराज हो तो वह मेरे कार्यालय में दिनांक 10/8/26 को असालतन या वकालतन पेश होकर एतराज पेश करे, अन्यथा मियाद गुजरने के बाद कोई एतराज नही सुना जायेगा, और जुबानी वसीयत रजिस्टर्ड कर दी जायेगी। आज दिनांक 09/06/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा इस न्यायलय के मुद्रांक सहित ये नोटिस जारी हुआ है।

**संयुक्त सब रजिस्ट्रार, मण्डी डबवाली, जिला सिरसा।**

## खबर संक्षेप

### इनरव्हील क्लब ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

**सिरसा।** इन्नरव्हील क्लब सिरसा मेन ने उन चिकित्सकों को सम्मानित किया जिन्होंने डायलिसिस के मरीजों की भरपूर मदद की। प्रोजेक्ट जीवनधारा के तहत क्लब की अध्यक्ष किरण मेहंदीरत्ता के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने दया और सामुदायिक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर विभिन्न अस्पतालों में जाकर डायलिसिस के मरीजों की मदद करके, उनके मन में फिर से जीने की उम्मीद जगाकर स्वास्थ्य सेवा पहल को आरंभ किया। अध्यक्ष मेहंदीरत्ता ने बताया कि इस पहल के तहत क्लब सदस्यों ने डायलिसिस का इलाज करवा रहे 5 मरीजों की मदद भी की।

### दहिया गोपुत्र दल हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**सिरसा।** गोपुत्र दल हरियाणा की ओर से गांव रोहन निवासी हरप्रीत सिंह दहिया संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। हरप्रीत सिंह दहिया ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी सहित तमाम संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी द्वारा हरप्रीत सिंह दहिया को संगठन में नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। गौसेवा, मानव सेवा एवं राष्ट्रसेवा के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे बखूबी निभाया जाएगा।

### होमयोपैथिक का स्वास्थ्य शिविर लगाया

**सिरसा।** इन्नरव्हील क्लब सिरसा स्टार्स द्वारा सद्भावना भवन में निःशुल्क मेगा होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध हो योपैथिक चिकित्सक डॉ. नवजोत कौर एवं डॉ. सारांश सर्राफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान 35 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रजनी अरोड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### हुडा रेजिडेंट्स एसोसिएशन की आम सभा 26 को

**सिरसा।** रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन हुडा पार्ट 1 और 2 की बैठक हुई, जिसमें उपस्थित सेक्टरवासियों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया और अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में सेक्टर वासियों ने हुडा कम्युनिटी सेंटर के नवीनीकरण की मांग उठाई। सेक्टरवासियों ने कहा कि काफी समय पहले इस परिसर में कोई कार्यालय बनाने के लिए तोड़ फोड़ की गई और ये उपयोग के काबिल नहीं रह गया है। अब वह कार्यालय भी कहीं और बनाया जा चुका है, इसलिए इसका जल्द से जल्द इसका जीर्णोद्धार किया जाए ताकि सेक्टर के निवासी इसका सुचारू रूप से लाभ उठा सकें। बैठक में निवासियों ने सेक्टर की कई अन्य समस्याओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने इन सभी मुद्दों पर एसोसिएशन से उचित और जल्द से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव और इसके संचालन को लेकर भी चर्चा की गई।

# सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई डाल रही काम में बाधा, सीएम से मिले चेयरमैन

## बोले, अधिकारी हो रहे परेशान, विकास कार्य हो रहे प्रभावित

**चेयरमैन मनोज सचदेवा ने कहा जांच के बाद भी कोई अनियमितता नहीं मिली**


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा व भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज बाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां

रानियां नगर पालिका के चेयरमैन मनोज सचदेवा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष नगर के विकास संबंधी मुद्दे लेकर पहुंचे, लेकिन सबसे अधिक चर्चा उस मांग की हो रही है जिसमें उन्होंने सीएम फ्लाइंग की लगातार जांच को विकास कार्यों में बाधा बताया। इस दावे ने रानियां में नई बहस छेड़ दी है। क्या बार-बार की जांच से विकास प्रभावित होता है या फिर यही जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है? मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात ने राजनीतिक चर्चाओं को भी नया आधार दे दिया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज बाला के नेतृत्व में नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा ने दो दिन पहले चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास कबीर कुटीर में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने रानियां के विकास कार्यों नगर को मिल रही अनुदान राशि तथा अन्य स्थानीय मांगों पर चर्चा की। इसी दौरान नगर पालिका में लगातार हो रही सीएम फ्लाइंग की जांच का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

चेयरमैन मनोज सचदेवा के अनुसार नगर पालिका में अब तक 27 बार सीएम फ्लाइंग जांच कर चुकी है, लेकिन किसी भी जांच में कोई बड़ी अनियमितता सामने नहीं आई। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतें आने, रिकॉर्ड उपलब्ध कराने और जांच संबंधी औपचारिकताओं में अधिकारियों का काफी समय लग जाता है, जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि निराधार शिकायतों के कारण विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा नहीं आनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का रानियां को मिल रही विकास अनुदान राशि के लिए आभार भी व्यक्त किया। हालांकि, इस मुद्दे पर नगर पालिका प्रशासन की राय अलग है। नगर पालिका सचिव विक्रमजीत का कहना है कि सीएम फ्लाइंग की जांच नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

### जांच करना जिम्मेदारी

उधर, सीएम फ्लाइंग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों की जांच उनकी नियमित जिम्मेदारी है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच की जाती है और ऐसी कार्रवाई केवल रानियां तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत होती है। अधिकारियों के अनुसार जांच का उद्देश्य केवल शिकायतों की तथ्यात्मक जांच करना होता है। इस पूरे घटनाक्रम ने नगर में बहस छेड़ दी है। एक वर्ग चेयरमैन के इस तर्क से सहमत है कि बार-बार की जांच से अधिकारियों का समय प्रभावित होता है, जबकि दूसरा वर्ग मानता है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच जवाबदेह और पारदर्शी प्रशासन का आवश्यक हिस्सा है। उनका कहना है कि यदि शिकायतें निराधार हैं तो जांच से घबराने का कोई कारण नहीं होना चाहिए।

### मुलाकात ने बढ़ाए सियासी कयास

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज सचदेवा का परिवार पिछली तीन पीढ़ियों से चौधरी देवीलाल परिवार और इनेलो से जुड़ा रहा है। उनके पिता एवं रानियां के पूर्व सरपंच गोपाल दास सचदेवा की गिनती पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के करीबी सहयोगियों में होती रही है। स्वयं मनोज सचदेवा भी लंबे समय से अभय सिंह चौटाला के समर्थक माने जाते हैं।

### शहर में राजनीतिक चर्चाओं का दौर गर्म

ऐसे में भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज बाला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पहुंचने और वहां की तस्वीर सामने आने के बाद नगर में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया। कई लोग इसे भाजपा से बढ़ती नजदीकियों के रूप में देख रहे हैं, जबकि कुछ इसे केवल नगर के विकास के लिए हुई मुलाकात मान रहे हैं। हालांकि मनोज सचदेवा ने इन अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात पूरी तरह रानियां के विकास और नगरहित के मुद्दों को लेकर थी। इसका किसी राजनीतिक बदलाव या भाजपा में शामिल होने की अटकलों से कोई संबंध नहीं है।

# नगर परिषद ने शहर में चलाया स्वच्छता अभियान


सिरसा। डंपिंग प्वाइंट्स के आसपास पौधरोपण करते चेयरमैन शांति स्वरूप।

■ शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला में 'स्वच्छता से स्वागत' विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सिरसा नगरपरिषद द्वारा शहर के विभिन्न डंपिंग प्वाइंट्स के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सिरसा नगरपरिषद के चेयरमैन शान्ति स्वरूप भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र बैनीवाल ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश भर में स्वच्छता से स्वागत अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत आगामी छह दिनों तक नगर परिषद की ओर से शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत डबवाली, रानिया, कालांवाली, ऐलनाबाद में भी सफाई अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान आगामी छह दिनों में वार्डों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और डंपिंग प्वाइंट्स की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने शहर वासियों से अपने घरों, मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील की।

### पौधरोपण भी किया

वहीं नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप ने बताया कि स्वच्छता अभियान के साथ-साथ डंपिंग प्वाइट्स के आसपास पौधारोपण भी किया जा रहा है, ताकि आमजन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। स्वच्छ और सुंदर शहर हर नागरिक का अधिकार है, वहीं इसे साफ-सुथरा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढकर भाग लेने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग छोडने तथा कचरा केवल डस्टबिन में ही डालने की अपील की।

# नए मेडिकल खोलने पर एनओसी लेना जरूरीः डीसी

■ जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए


**ज्यादा से ज्यादा लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाना जरूरी**

सिरसा। बैठक को संबोधित करते उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि नए मेडिकल हॉल खोलने से पहले पुलिस विभाग से एनओसी ली जाए। इसके साथ ही सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि प्रतिबंधित दवाओं एवं नशीली वस्तुओं की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उपायुक्त मंगलवार को नार्को कोआर्डिनेशन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला में नशे की रोकथाम, नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। जिले में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं की जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अधिक से अधिक वॉल पेंटिंग करवाने के निर्देश दिए। अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर पहले चरण में वॉल पेंटिंग का कार्य करवाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंच सके।

### ये रहे मौजूद

बैठक में पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारन, पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर सहित शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग, बाल संरक्षण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आप ने लगाया चंदा चोरी में बड़े साजिशदारों को बचाने का आरोप

■ करोड़ों रुपये का चंदा चोरी हुआ राम भक्तों की आस्था को ठेस प


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. सुशील गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राममंदिर में करोड़ों रुपये का चंदा चोरी हुआ, जिससे राम भक्तों की आस्था को गहरी ठेस पहुंची। सरकार ने इस घपले में छोटे-छोटे कर्मचारियों को पकड़ा, जबकि बड़े साजिशदारों पर कोई एक्शन नहीं हुआ। डॉ. सुशीला गुप्ता मंगलवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम मंदिर के पावन चंदे में हुई हेराफेरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की धरती से एक बड़े धार्मिक व वैचारिक आंदोलन की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर चंदा चोरों को कड़ी सजा दिलवाने हेतु हस्ताक्षर अभियान का शंखनाद किया। इस आंदोलन के तहत देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

# जेएनवी ओढ़ा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ओढ़ा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सिरसा जिले के किसी भी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आवेदन करने के पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, यदि कोई विद्यार्थी सिरसा जिले का निवासी है, लेकिन सिरसा से सटे किसी अन्य जिले के विद्यालय में अध्ययन कर रहा है तथा उसके घर से विद्यालय की दूरी 10 किलोमीटर के भीतर है, तो वह भी सिरसा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में घर से विद्यालय की दूरी का प्रमाण संबंधित विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना अनिवार्य है। वहीं, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय अपना संबंधित प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

# चौ. देवीलाल जयंती पर सम्मान रैली 27 सितम्बर को नूंह में होगीः अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते अभय चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की जयंती पर 27 सितम्बर को नूंह में सम्मान दिवस रैली की जाएगी। इसके लिए 9 अगस्त से 90 हलकों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभय मंगलवार को ऐलनाबाद हलके में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अगस्त से प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों में जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। अभय चौटाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद दौरे पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गुजरात में कारखाने खोलती है, जबकि हरियाणा जैसे राज्यों के साथ भेदभाव की नीति अपनाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में केवल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने जैसे दिखावटी कार्यक्रम किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को परेशान करने के लिए नित नए फरमान जारी कर रही है। रबी सीजन में गेहूं की फसल पर लगाई गई शर्तों को इनेलो के विरोध के बाद वापस लिया गया।

## न्यूज डायरी

### सीईई 2026-27 का परिणाम जारी

**सिरसा।** सेना में कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026-27 के तहत विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लेने वाले उम्मीदवारों की चयन सूची 12 जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय हिसार के प्रवक्ता ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन, वूमेन मिलिट्री पुलिस, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट/नर्सिंग असिस्टेंट (वेटरनरी), सिपाही फार्मा, धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशंड ऑफिसर तथा हवलदार (एजुकेशन) श्रेणियों के चयनित उम्मीदवार अपना परिणाम भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

### सीडीएलयू में 15 से होंगे एलएलएम के दाखिले शुरू

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में मास्टर ऑफ लॉ कोर्स शुरू करने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी हो गया है। एलएमएम का ये दो वर्षीय कोर्स शुरू होगा। इस कोर्स में दाखिले के लिए 15 जुलाई से आवेदन शुरू होंगे। अभी साइट पर भी कोर्स जल्द शो होने वाला है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई तय की गई है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस बार एलएलएम में दाखिला प्रक्रिया के लिए एंट्रेंस पेपर लागू कर दिया है। आवेदन के बाद पहले एंट्रेंस पेपर देना होगा और बाद में मैरिट लिस्ट बनेगी। उसी आधार पर दाखिला किया जाएगा। वरना पहले सीधा मैरिट बेस पर लिस्ट बनती थी और दाखिला हो जाता था। एंट्रेंस पेपर नहीं होता था। इससे लॉ के इच्छुक विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।

### किसान पोर्टल पर 31 तक कराएं पंजीकरण

**सिरसा।** खरीफ-2026 की फसलों का 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कार्य जारी है। जिन किसानों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है, वे 31 जुलाई तक पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फसल पंजीकरण अनिवार्य है। इसके अलावा किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। हरियाणा सरकार द्वारा केवल पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की खरीफ फसलों की ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचने तथा अपनी फसल सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए समय रहते पोर्टल पर बोई गई फसल का सही विवरण दर्ज कर पंजीकरण अवश्य करवाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से बैठक में रखा

# ग्रामसभा में गूंजे अधूरे विकास कार्य और नशा संबंधित मुद्दे

*ग्रामीणों ने गंदे पानी की निकासी, पेयजल पाइपलाइन का अधूरा कार्य और गांव में बढ़ते नशे की समस्या को प्रमुख मुद्दों के रूप में उठाया*


डिंग। ग्रामसभा की बैठक में समस्याएं उठाते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंग

पुरानी अनाज मंडी में मंगलवार को ग्रामसभा की बैठक हुई, जिसमें ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में खंड चोपटा से पंचायत अधिकारी दिनेश मेहता, ग्राम सचिव प्रदीप, सचिव रवि, सचिव नरेंद्र, सचिव अमन, ग्राम सरपंच नीतू पचार तथा सरपंच प्रतिनिधि दरिया सिंह पचार मौजूद रहे। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने गंदे पानी की निकासी, पेयजल पाइपलाइन का अधूरा कार्य और गांव में बढ़ते नशे की समस्या को प्रमुख मुद्दों के रूप में उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि कई गलियों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया है, जिसके कारण अनेक घरों तक अब भी पानी का कनेक्शन नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार अधूरा कार्य छोडक़र चला गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गदली रोड पर स्थापित बूस्टिंग स्टेशन अब तक चालू नहीं होने की शिकायत भी ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखी।

### सभी पंचों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही

ग्रामसभा में सभी पंचों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। बैठक में केवल तीन पंच ही पहुंचे। इस पर पंचायत अधिकारी दिनेश मेहता और सरपंच प्रतिनिधि दरिया सिंह पचार ने सभी पंचों से भविष्य में ग्रामसभा की बैठकों में नियमित रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया। बैठक के दौरान दरिया सिंह पचार और आजाद जाखड़ लगातार ग्रामीणों से खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखने की अपील करते रहे, जिस पर ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें विस्तार से अधिकारियों के सामने रखीं। सरपंच नीतू पचार ने गांव के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनसहभागिता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।